देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी हिन्दी के प्रति रुझान बढ़ा है : केशव राव

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड में 28 सितंबर, 2023 को राजभाषा पखवाड़ा, 2023 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह श्री केशव राव, निदेशक (कार्मिक) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में श्री पी.के. पटेल, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री जुगल कुमार बोरा, निदेशक (तकनीकी/संचालन) तथा श्री अजीत कुमार बेहुरा, निदेशक (वित्त) एमसीएल, जागृति महिला मण्डल की उपाध्यक्षागण श्रीमती सरिता पटेल एवं श्रीमती रश्मि बेहुरा सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में क्षेत्रों एवं मुख्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित हुए।

मंगलदीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अध्यक्षीय संबोधन में श्री राव ने कहा कि राजभाषा पखवाड़ा मनाने का उद्देश्य अधिक से अधिक राजभाषा का प्रयोग है, इसी संदर्भ में कंपनी में विगत दो-तीन वर्षों और खासकर पिछले वर्ष से राजभाषा के प्रयोग में वृद्धि हुई है तथा कार्मिकों का राजभाषा के प्रति रुझान बढ़ा है, जो पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के उत्साह में झलकता है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि विश्व मंच में हिन्दी के साथ अन्य भारतीय भाषाएँ विशेषतः पंजाबी का वर्चस्व भी बढ़ रहा है। देश को मूलतः तीन स्तर पर एकसूत्र में बांधा जा सकता है, भावनात्मक स्तर पर, खान-पान के स्तर पर तथा भाषायी स्तर पर। इसमें भाषा के स्तर पर बांधने में राजभाषा हिन्दी का योगदान अपरिसीम है।

श्री कृष्ण मुरारी प्रसाद, महाप्रबंधक (राजभाषा) ने वहाँ उपस्थित अतिथियों/प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि राजभाषा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में बहुसंख्यक अधिकारी/कर्मचारीगण शामिल हुए हैं इससे साबित होता है कि लोगों में हिंदी के प्रति लगाव बढ़ा है। उन्होंने प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए बताया कि इस वर्ष पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में हिन्दी भाषी कार्मिकों की तुलना में हिंदीतर भाषी कार्मिकों में ज्यादा उत्साह देखा गया। प्रतियोगिताओं के दौरान भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को एक हिंदी पुस्तकें भी दी गई थी।

कार्यक्रम में राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों, स्कूली बच्चों एवं गृहिणियों को प्रमाण-पत्र, एमसीएल राजभाषा कार्यान्वयन पुरस्कार, 2022-23 के लिए चयनित क्षेत्रीय कार्यालयों एवं मुख्यालय के विभागों को अध्यक्ष महोदय तथा निदेशकगण द्वारा स्मृतिचिह्न एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसी दौरान वर्ष भर में मूल रूप से हिन्दी में पत्राचार में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं योगदान के लिए कार्मिकों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पद्मश्री हलधर नाग की संबलपुरी कोशली में कृष्ण चरित्र पर आधारित महाकाव्य की हिन्दी पुस्तक, "**प्रेम पहचान**" का विमोचन निदेशक मंडल एवं जागृति महिला मंडल की उपाध्यक्षगण द्वारा किया गया, जिसका हिंदी अनुवाद श्री दिनेश कुमार माली, महाप्रबंधक(खनन), कनिहा क्षेत्र ने किया है।

तत्पश्चात भारत के विभिन्न राज्यों से पधारे सुविख्यात कविगण कर्नल वी.पी. सिंह, पुणे, डॉ॰ सरिता शर्मा, नई दिल्ली, श्री सुदीप भोला, नई दिल्ली, श्री गौरव शर्मा, मुंबई तथा श्री उपेंद्र पाण्डेय, नई दिल्ली ने अपनी प्रस्तुति दी, जिसकी दर्शक दीर्घा ने भूरी भूरी सराहना की एवं पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

कार्यक्रम का संचालन राजभाषा विभाग द्वारा किया गया।

***

राजभाषा पखवाड़ा-2023
अखिल भारतीय कवि सम्मेलन
दिनांक- 28 सितंबर 2023

राजभाषा पखवाड़ा-2023
समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह
एवं
अखिल भारतीय कवि सम्मेलन
दिनांक- 28 सितंबर 2023
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड

राजभाषा पखवाड़ा-2023
समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह
एवं
अखिल भारतीय कवि सम्मेलन
दिनांक- 28 सितंबर 2023

G20
MCL
राजभाषा पखवाड़ा-2023
समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह
एवं
अखिल भारतीय कवि सम्मेलन
दिनांक- 28 सितंबर 2023
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर - 768020